nt>

Title: Need to accord Central University status to Dr. Sir HariSingh Gaur University, Sagar, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, सागर जिले में डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय देश के अति प्राचीन और महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों में से एक है। मध्य प्रदेश के शैक्षिक जगत में इसका बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इस विश्वविद्यालय को बनाने में डॉ. हरि सिंह गौर, जो कि बहुत प्रसिद्ध कानूनविद् थे, ने विदेशों में वकालत करके जो कमाई की, वह सारा पैसा उन्होंने इस विश्वविद्यालय को बनाने में लगाया।

इस विश्वविद्यालय में फार्मेसी, ज्योलॉजी, क्रिमिनॉलोजी इन वियों का अध्ययन करने के लिए केवल यहां से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी छात्र आते हैं। इस विश्वविद्यालय में कैम्पस और छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा है। यहां के बुद्धिजीवियों, छात्रों और सामाजिक संगठनों द्वारा काफी लम्बे समय से इसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग की जा रही है। अतः **मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाए।**